## सार-समाचार

### मेवाड़ को श्रद्धांजलि अर्पित की



**उदयपुर, (कासं)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्र सरकार में पर्यटन एवं सांस्कृतिक मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत एक दिवसीय प्रवास पर उदयपुर पहुंचे। यहां से गजेंद्र सिंह शेखावत समोर बाग पहुंचे जहां मेवाड राजघराने के पूर्व सदस्य महेंद्र सिंह मेवाड को श्रद्धांजलि अर्पित की एवं उनके पुत्र विधायक विश्वराज सिंह मेवाड एवं उनके परिजनों को संबल प्रदान किया।भाजपा के सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर भुपेंद्र सिंह बडोली जिला प्रमुख भीलवाडा, भँवर सिंह पंवार पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा उदयपुर देहात, गजपाल सिंह राठौड महामंत्री भाजपा उदयपुर शहर, रतन गाडरी पुर्व जिला अध्यक्ष भाजपा चितौडगढ, डालचन्द डॉगी सरस डेरी चेयरमैन, अतुल चंडालिया जिला उपाध्यक्ष भाजपा, नरपत सिंह राव किसान मोर्चा जिला महामंत्री, खुशबु मालवीया, तुषार मेहता, देवीलाल सालवी, घनश्याम मेनारिया, हेमन्त बोहरा, लोकेश कोठारी, कुलदीप सिंह साकरियाखेडी, आदि ने केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया।

### निःशुल्क पाठ्यक्रमों का शुभारम्भ

**उदयपुर, (कासं)।** यूसीसीआई में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के निःशुल्क पाठ्यक्रम आज से आरम्भ हुए। मानद महासचिव डा. पवन तलेसरा ने बताया कि इस निःशुल्क पाठ्यक्रमों का शुभारम्भ यूसीसीआई के संरक्षक एवं मेवाड हारमनी ग्रुप के चेयरमैन एवं प्रबन्ध निदेशक बी.एच. बापना ने किया। उद्घाटन सत्र के दौरान बापना ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले बैच में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का कौशल विकास केन्द्र में स्वागत किया एवं उन्हें प्रोत्साहित करते हुए बताया कि उदयपुर सम्भाग के युवाओं को प्रशिक्षण देकर रोजगार उपलब्ध करवाने तथा उद्योगों को कार्यकुशल मैनपावर मुहैया करवाने के लिये यूसीसीआई द्वारा वोकेशनल ट्रेनिंग सेन्टर का संचालन किया जा रहा है। रोजगाार की तलाश कर रहे युवाओं के लिये पांच अलग.अलग प्रकार के ट्रेड में वोकेशनल ट्रेनिंग के माध्यम से रोजगारोन्मुख स्किल में प्रशिक्षित किया जायेगा।वीटीसी चेयरमैन पूर्वाध्यक्ष हंसराज चौधरी ने बताया कि यूसीसीआई वोकेशनल ट्रेनिंग सेन्टर को केन्द्र सरकार द्वारा जारी प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के कौशल विकास केन्द्र के तौर पर अधिकृत किया गया है। सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रतिभागियों को सरकार द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान किया जायेगा तथा यूसीसीआई की सदस्य इण्डस्ट्री में रोजगार मुहैया करवाया जायेगा। वोकेशनल ट्रेनिंग सेन्टर के समन्वयक यश शर्मा ने बताया कि इन पाठ्यक्रमों की अवधि लगभग दो से तीन माह की रहेगी जिसमें सैद्धान्तिक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण के अलावा 15 दिन के लिये ओन जॉब ट्रेनिंग प्रदान की जायेगी। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष गलुण्डिया एवं डा.अशोक जेतावत आदि सदस्य भी उपस्थित थे।

### नाट्य प्रस्तुति बिरसा मुण्डा का मंचन

**उदयपुर, (कासं)।** पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा भगवान बिरसा मुण्डा के 150 वीं जयंती पर राष्ट्रीय जनजाति महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को बिरसा मुण्डा के जीवन पर आधारित नाट्य प्रस्तुति बिरसा मुण्डा का मंचन शिल्पग्राम के दर्पण सभागार में किया गया। निदेशक फुरकान खान ने बताया कि दो दिवसीय राष्ट्रीय जनजाति महोत्सव के अंतिम दिन बिरसा मुण्डा के जीवन पर आधारित नाट्य प्रस्तुति बिरसा मुण्डा का मंचन किया गया। इस नाटक के लेखक सतीश दवे तथा परिकल्पना एवं निर्देशन राजकुमार रायकवार ने किया। संगीत अभिषेक दुबे द्वारा किया गया। यह नाटक रामकृष्ण रिपरटायर कल्चरल एंड सोशल सोसाइटी की 25 दिवसीय प्रस्तुतिपरक नाट्य कार्यशाला के अंतर्गत तैयार किया गया। अबुआ दिशुम अबुआ राज (बिरसा मुण्डा) एक ऐसे सामान्य व्यक्ति की कहानी है जो अपने समाज अपने देश के लिए क्रांतिकारी काम करके स्वयं भगवान के रूप में प्रतिष्ठापित हो जाता है। वनवासी के रूप में बिरसा मुंडा ने जिस तरह का कार्य किया है निश्चित रूप से एक सामान्य आदमी की संवेदनाओं से परे का कार्य है। हैजा,चेचक जैसी बीमारियों के बीच भी समाज की सेवा करना और उसी के साथ अपने जल जंगल और जमीन के लिए शक्तिशाली राज्य से सामना करना महत्वपूर्ण कार्यों में से है। कलाप्रेमियों ने इस नाटक तथा उसके पात्रों द्वारा किए गए अभिनय को सराहा। अंत में सभी कलाकारों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत तथा विशिष्ठ अतिथि उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा एवं डॉ. रजनी रावत थे।

### सामूहिक जनेऊ कार्यक्रम आयोजित

**उदयपुर, (कासं)।**पालीवाल ब्राह्मण समाज संस्था 44 श्रेणी 68 पिछोली उदयपुर के सानिध्य मे सामूहिक जनेऊ संस्कार का कार्यक्रम निम्बार्क महाविद्यालय मे आयोजित किया गया। संस्था के अध्यक्ष मनोहरलाल पालीवाल ने बताया कि 26 बटुको को वेद उचारण के बाद जनेऊ पहनायी गयी। संस्था के महामंत्री पंकज पालीवाल ने बताया कि कार्यक्रम मे विद्वान् पंडित डालचंद पालीवाल के सानिध्य मे जनेऊ का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के. के. शर्मा प्रदेश अध्यक्ष विप्र, विशिष्ट अतिथि युवा प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र पालीवाल थे। कार्यकम में लक्ष्मीकांत जोशी, नाथुलाल पालीवाल, नरेंद्र जोशी, जसवंत पालीवाल, सत्यनारायण पालीवाल, राकेश पालीवाल, कृष्णचंद्र पुरोहित, समाज के युवा मंत्री संदीप पालीवाल, महिला अध्यक्ष प्रेमलता पालीवाल, मंत्री मंजू पालीवाल, वीणा राजगुरु, चंद्रप्रकाश जोशी, नरेश पालीवाल, महेश पालीवाल आदि ने सहयोग किया। कार्यक्रम मे सामूहिक विवाह करने का निर्णय लिया गया।

### महोत्सव की तैयारियां जोरों पर

**उदयपुर, (कासं)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की युवा शाखा दिया और सुखाड़िया विश्वविद्यालय के तत्वावधान में 24-25 दिसंबर को आरोहण युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक प्रणय त्रिपाठी ने बताया कि तैयारियों हेतु पूरे राजस्थान से दिया इकाई के कार्यकर्ता रविवार को उदयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय बैठक में षामिल हुए। शांतिकुंज प्रतिनिधि रामावतार, आईआईटी जोधपुर के डॉ. विवेक विजय एवं मुख्य आयोजना अधिकारी उदयपुर जिला पुनीत शर्मा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम की तैयारी हेतु विभिन्न समितियों का गठन किया गया और आगे की कार्य्योजना के दिशा निर्देश दिए गए। आयोजन समिति सदस्य नितेश त्रिपाठी ने बताया कि आरोहण युवा महोत्सव में युवाओं की दैनिक चुनौतियों के आध्यात्मिक समाधानों पर विशेषज्ञ चर्चा, एक्टिविटी जोन, पुस्तक मेला एवं विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे जिसमे देशभर से युवा भाग लेंगे। सोशल मीडिया वर्टिकल प्रमुख आदित्य ने बताया कि कार्यक्रम में तीन मुख्य विभागों में समानांतर कार्यक्रम चलेंगे जो समग्र स्वास्थ्य, 21 वीं सदी के कौशल एवं सोशल मीडिया व मानवीय संबंधों पर केंद्रित होंगे।

### शोभायात्रा के साथ तुलसी विवाह संपन्न

**राजसमंद, (निसं)।** जिले के बामन टुकडा गांव में लक्ष्मी नारायण मंदिर में रविवार को तुलसी विवाह का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा गांव की अलग-अलग जगहों पर शोभायात्रा निकाली गई। उसके बाद विवाह उत्सव को लेकर बैंडबाजों की मधुर स्वर लहरियों के साथ बन्नो मारो चारभूजा रो नाथ बन्नी मारी तुलसा लाडली, मोहन आओ तो सही गिरधर आओ सहित विभिन्न धार्मिक भजनों के साथ महिला अपने सिर पर कलश लेकर शामिल हुई। महिलाएं इस दौरान मंगल गीत गाती हुई चल रही थी। कलश यात्रा मुख्य मार्ग से गुजरी। जगह -जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। बाद में कलश यात्रा बस स्टैंड पहुंची। जहां विनायक स्थापना परिसर पर कलश रखे गए। बाद में तुलसीजी के हल्दी व मेहंदी रस्म की गई, जिसमें महिलो ने मंगल गीत गाते हुए तुलसी मैया के हल्दी व मेहंदी लगाई गई। सामुहिक विवाह सम्मेलन को लेकर भजन कीर्तन से माहौल धर्ममय बना हुआ है। विवाह को लेकर स्वागत द्वार भी बनाये गए। इसके बाद शाम को तुलसी विवाह संपन्न कराया गया।

# कोटे में कोटा आरक्षण लागू करने की मांग को खड़िया ने दिया समर्थन

**बांसवाड़ा, (निसं)।** आदिवासी आरक्षण मंच की ओर से टीएसपी क्षेत्र में कोटे में कोटा आरक्षण लागू करने की मांग को कुशलगढ विधायक रमीला खडिया ने समर्थन दिया।

मंच के केन्द्रीय कमेटी सलाहकार प्रो. कमल कांत कटारा ने बताया कि आगामी 24 नवंबर को आयोजित विशाल जनसमर्थन महारैली को सफल बनाने के लिए हर ग्राम पंचायत से लोगों को गोविंद गुरु राजकीय महाविद्यालय खेल मैदान में लाने पर चर्चा की गई वहीं गहन मंथन के बाद निर्णय लिया कि आदिवासी आरक्षण मंच की ओर से जिन मुद्दों को लेकर आंदोलन किया जा रहा

■ **महारैली के लिये किया पोस्टर का विमोचन**



**आदिवासी आरक्षण मंच की ओर से टीएसपी क्षेत्र में कोटे में कोटा आरक्षण लागू करने की मांग को समर्थन देती कुशलगढ विधायक रमीला खडिया।**

है वह आंदोलन जनजाति वर्ग के हक में हैं। उन्होंने कहा कि अगर राज्य सरकार कोटे में कोटा लागू करती हैं तो टीएसपी क्षेत्र में रहने वाले जनजाति वर्ग के सैकडों युवा राज्य प्रशासनिक सेवाओं में जाएंगे। लोगों के अंदर जो भ्रांति है अगर कोटा में कोटा लागू किया जाता है तो जनजाति वर्ग के दोनों समुदाय में लडाई होगी ऐसा नहीं है। टीएसपी क्षेत्र के युवा एमबीबीएस में प्रवेश नहीं ले पा रहे हैं जिस पर राज्य सरकार ने 12 प्रतिशत में से 5.5 प्रतिशत टीएसपी में कोटे में कोटा लागू किया जिसकी वजह से आज टीएसपी क्षेत्र में काफी लोग चिकित्सक है। अगर सुप्रीम कोर्ट के निर्णयानुसार टीएसपी क्षेत्र में कोटे में पृथक कोटा लागू होता है तो काफी लोग प्रशासनिक अधिकारी बनेंगे अतरू कोटे में पृथक कोटा का विरोध नहीं करना चाहिए। टीएसपी क्षेत्र में जनजाति वर्ग को जो 45 प्रतिशत रिजर्वेशन मिला है वह कोटे में कोटा ही है। बलवंत सिंह मछार ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णयानुसार हर राज्य सरकार कोटा में कोटा लागू कर रही है और राज्य में भी कोटे में कोटा लागू होना चाहिए ताकि वर्तमान में चल रही आरएएस विज्ञप्ति में जनजाति वर्ग के युवा भी भागीदारी निभाते हुए प्रशासनिक अधिकारी बने। बैठक में जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण पर भी मंथन किया गया। बैठक में केसरसिह डामोर, कैलाश लासुन, प्रेम चंद डामोर, कैलाश अड, कमलेश पारगी, दिलीप वसुनिया, विनोद, निलेश, दीपक आदि मौजूद रहे।

आदिवासी आरक्षण मंच अनुसूचित क्षेत्र की ओर से कोटे में कोटा, पृथक आरक्षण, जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण व पात्रता मापदंडों में पूर्ण छूट की तीन सूत्रीय मांगों को लेकर आगामी 24 नवंबर को संभाग मुख्यालय पर प्रदेश स्तरीय महारैली के लिये तैयारी बैठक कॉलेज मार्ग स्थित आशीर्वाद कॉम्प्लेक्स में निरूशुल्क कोचिंग सेंटर में हुई। मंच के प्रो. कमल कांत कटारा व दिनेश राणा ने बताया कि इस दौरान उपवर्गीकरण को लेकर निराधार भ्रांतियां को भी दूर करने किया जायेगा। मंच के बलवंत सिंह ने बताया कि आरक्षण महारैली के लिए सभी दलों के जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों व छात्रसंघ के संगठनों ने समर्थन दिया। मंच के केसर सिंह डामोर ने बताया कि सरकार कोटे में कोटा लागू करती है तो आजादी के बाद से पिछडे जनजाति मुख्य धारा में आ पायेंगे।

## भील समाज चोकला भीमकुण्ड की बैठक

**बांसवाड़ा, (निसं)।** आदिवासी भील समाज 56 चोकला भीमकुण्ड की बैठक भीमकुण्ड मंदिर परिसर में नारायण लाल दायमा के मुख्य आतिथ्य, धुलाराम भगोरा की अध्यक्षता एवं गौतम लाल चरपोटा विशिष्ट आतिथ्य में हुई।

बैठक में आदिवासी समाज में पनप रही कुरीतियों पर चर्चा की गई साथ ही

■ **आदिवासी समाज में पनप रही कुरीतियों पर चर्चा की**

आगामी 1 दिसम्बर को कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। अंत में मानगढ कांड मे शहीद हुए आदिवासी पुरखो को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। मीडिया प्रभारी हितेश गरासिया ने बताया कि बैठक में शांति लाल बामनिया, पूर्व सरपंच स्वराज चरपोटा, चोकला अध्यक्ष गुलाब चंद चरपोटा, भगवती लाल डामोर, वालू भाई, बबला महाराज, वीरेंद्र भाई आदि मौजूद रहे।

## बाल मेला

**उदयपुर, (कासं)।** भूपाल नोबल्स पब्लिक स्कूल में चाचा नेहरू के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में बाल मेले का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ. सीमा नरूका ने बताया कि बाल मेले की विशेष बात रही कि बच्चों की रुचि की विभिन्न स्टॉलें अध्यापकों द्वारा लगाई गई। मेले का उदघाटन संस्था के अधिकारियों ने किया।

## दिवसीय जांच शिविर का आयोजन

**डूंगरपुर, (निसं)।** महावीर इंटरनेशनल डूंगरपुर द्वारा अपने रोग निदान केंद्र पर लेप्रोस्कोपी जनरल सर्जरी एवं स्त्री एवं प्रसूति रोग संबंधित एक दिवसीय जांच शिविर आयोजित किया गया। इस अचसर पर संस्था के अध्यक्ष वीर विजय जैन ने बताया की शिविर में कल्पना नर्सिंग होम्स हॉस्पिटल उदयपुर के लेप्रोस्कोपी जनरल सर्जरी के विशेषज्ञ डा हर्ष चूघ व स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ मीनल चुघ ने अपनी सेवाएं प्रदान की। शिविर में लेप्रोस्कोपी जनरल सर्जरी से संबंधित13 रोगियों की जांच की जाकर उन्हें चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। जबकि स्त्री एवं प्रसूति रोग की 5 रोगियों को चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। इस प्रकार इस शिविर में कुल 18 रोगियों को चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में हर्निया गोल ब्लेडर, अपेंडिक्स, पाइल्स, मूत्र रोग संबंधित रोगों का परामश दिया गया। जबकि स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा बच्चेदानी की गठान, गर्भाशय एवं अंडाशय संबंधित समस्या, निःसंतानता परामर्श इत्यादि का उपचार किया गया।

## माटी कला बोर्ड में कुमावत समाज के प्रतिनिधि को नियुक्ति देने का विरोध

**उदयपुर,(कासं)।** श्री यादें प्रजापत उत्थान संयुक्त मोर्चा प्रदेश सरकार के विधि न्याय एवं संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल से उनके प्रवास के दौरान भेंट कर ज्ञापन देकर श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष पद पर प्रहलाद राय टॉक कुमावत को नियुक्त करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए टांक को हटाने की मांग की ह।

श्री यादें प्रजापत उत्थान संयुक्त मोर्चा राजस्थान के प्रदेश उपाध्यक्ष विष्णु प्रजापत ने प्रदेश सरकार के विधि न्याय एवं संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल से उनके प्रवास के दौरान भेंट कर ज्ञापन देकर बताया कि श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष पद पर प्रहलाद राय टॉक कुमावत को नियुक्त करने पर कुम्हार, प्रजापत समाज में गहरी नाराजगी व्याप्त है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को एक माह तक लगातार संपूर्ण राजस्थान में ज्ञापन प्रदर्शन पोस्टकार्ड लिखने का अभियान किया गया,लेकिन अभी तक प्रहलाद राय टॉक कुमावत को हटाया नहीं गया है। प्रहलाद राय टॉक कुमावत अपने आप को कुम्हार कुमावत समाज के गरबा पंथी भाटी राजपूत गुरु वंश से क्षत्रिय कुमावत मानते हैं । इनका मिट्टी का कार्य करने मिट्टी के बर्तन बनाने वाले कुम्हार प्रजापत समाज से कोई संबंध नहीं है।यह प्रजापत कुम्हार समाज की कुलदेवी श्रीयादे माताजी को नहीं मानते हैं प्रहलाद राय टॉक 21 मई 2023 को विद्याधर नगर स्टेडियम में क्षत्रिय कुमावत समाज के महासम्मेलन के कोर कमेटी सदस्य होते हुए मंच पर प्रमुख सदस्य के रूप में उपस्थित होकर मंच से क्षत्रिय कुमावत समाज को संबोधित किया था।

ऐसे कुमावत समाज के व्यक्ति को प्रजापत कुम्हार समाज मिट्टी के बर्तन बनाने वालों के कल्याण के लिए बने श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष पद पर नियुक्त करने पर संपूर्ण समाज में गहरी नाराजगी है तथा प्रहलाद राय टॉक कुमावत को तुरंत प्रभाव से श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष पद से हटाया जावे एवं प्रजापत कुम्हार समाज के बंधु को नियुक्त किया जाए।

विष्णु प्रजापत ने बताया कि सरकार अभी तक कुमावत एवं प्रजापत कुम्हार समाज के अंतर को समझ नहीं पाई है और जनसंख्या की दृष्टि से कुमावत समाज से कई गुना होते हुए भी प्रजापत समाज को इसका खामियाजा भुगतना पड रहा है। संपूर्ण प्रदेश में प्रजापत समाज भारतीय जनता पार्टी का परंपरागत मतदाता है।

प्रदेश सरकार के विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल ने इस बात को समझते हुए कहा कि इस बारे में मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाना होगा जिसके लिए शीघ्र ही एक प्रतिनिधिमंडल को जयपुर बुलाया जाएगा जहां पर विस्तार से इस समस्या के समाधान हेतु व्यापक विचार विमर्श किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शांतिलाल चपलोत ने भी इस बात के लिए मंत्री जी को बताया कि कही कोई त्रुटि हो तो समाज के लिए सुधार करना चाहिए। इस अवसर पर शहर जिला महामंत्री गजपाल सिंह राठौड, मीडिया संभाग प्रभारी चंचल कुमार अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## फतहसागर पाल 'ग्रीन कान्हा रन' का आयोजन




**फतहसागर पाल दौड में उदयपुर प्रतिभागियों ने उत्साह से भाग लिया।**

**उदयपुर, (कासं)।** पर्यावरण और वृक्षारोपण के प्रति आम जनता मे जागरूकता बढाने के लिए हार्टफुलनेस संस्थान की ओर से ग्रीन हार्टफुलनेस रन रविवार सुबह 7.30० बजे फतेहसागर की पाल पर आयोजित हुआ

हार्टफुलनेस केंद्र प्रभारी डॉ राकेश दशोरा ने बताया कि युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा फिट इंडिया प्रोग्राम के अंतर्गत एवं ग्रेनुल्स द्वारा पोषित इस दौड मे उदयपुर के 205 प्रतिभागियों ने बहुत उत्साह से भाग लिया, जिसमे 12-13 वर्ष के किशोर और 86 वर्ष के बुजुर्ग भी थे। उल्लेखनीय है कि ऐसे समय में जब हम जलवायु परिवर्तन और कार्बन फुटप्रिंट के बारे में बात कर रहे हैं, ग्रीन हार्टफुलनेस रन सबसे बडी और सामयिक जलवायु जागरूकता दौड सिद्ध हुई है। अभी तक लगातार 2 वर्ष से आयोजित की जा रही इस दौड मे 120 कि मी से अधिक दूरी तय की गयी है। हार्टफुलनेस अजमेर के वरिष्ठ प्रशिक्षक बी एस शर्मा ने बताया कि ग्रीन कान्हा रन दौड से प्राप्त आय हार्टफुलनेस संस्था के द्वारा पौधरोपण और वनी कारण के कार्यो को प्रदान की जाएगी, जो कि भारत में प्रकृति, स्थानिक और लुप्तप्राय वृक्ष प्रजातियों के पोषण, सुरक्षा और संरक्षण के लिए हार्टफुलनेस संस्था की एक बहुत ही सराहनीय पहल है। इस मुहिम के अंतर्गत हैदराबाद के धर्मपल्लि गाँव मे वृक्षारोपण साइट पर अभी तक 18 हजार पौधे पहले से ही लगाए जा चुके हैं.दौड मे प्रतिभागियों को दौड के समय टी शर्ट भी प्रदान किये गये. दौड के पश्चात अल्पहार एवं हार्टफुलनेस ध्यान का सत्र विद्या भवन केंद्र पर प्रातः 8.30 बजे आयोजित किया गया जिसका संचालन प्रशिक्षक रीता नागपाल ने कियाद्य दौड मे भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और मेडल भी प्रदान किये जायेंगे. कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षक डॉ सुबोध शर्मा ने सभी प्रतिभागियों और आयोजकों का आभार प्रकट किया।युवा प्रकोष्ट प्रभारी दीपक मेनारिया ने बताया कि सभी प्रतिभागी और हर्टफुलनेस अभ्यासी दौड के लिये फतेहसागर की पाल पर देवाली छोर पर प्रातः 7 बजे एकत्रित हुए जिन्हे ग्रीन कान्हा रन की जानकारी देने के बाद रविंद्र सिंघवी ने दौड प्रारंभ करने की घोषणा कर प्रातः7.3द्ध0 पर दौड प्रारंभ करवाई प्रतिभागियों मे हिंदुस्तान जिंक के सी एस आर के तहत ऊंची उडान कार्यक्रम मे विधा भवन संस्थान व रेसोनेंस से कोचिंग प्राप्त कर रहे 150 विधार्थियों ने भी भाग लिया। ग्रीन कान्हा रन के आयोजन में ऊँची उडान के सुपरवाईर्स पंकज, प्रकाश और अंजलि, तथा हार्टफुलनेस वोलंटीयार व प्रशिक्षक श्रीमती आशा शर्मा, मोहन बोराणा, महेश कुलघुडे, इत्यादि का सरहनीय सहयोग रहा।

## कवि सम्मेलन

**डूंगरपुर, (निसं)।** हथाई के समीपवर्ती वाडा गांव में देव दिवाली के उपलक्ष्य में शनिवार रात्रि को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन सम्पन्न हुआ। प्रारंभमेंग्रामदेवतागातरोडजी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात आयोजक मंडल पदाधिकारीयों सहित युवा मंडल द्वारा उपस्थित कवियों का पगडी पहनाकर, शाल ओढाकर स्वागत किया गया।

कवि सम्मेलन के प्रारंभ में राष्ट्रीय कवयित्री निशा पंडित उज्जैन द्वारा मां सरस्वती की सरस वंदना से कवि सम्मेलन का उदघोष हुआ। ओजस्व के कवि सिद्धार्थ देवल ने दुश्मनों के रक्त से जो करता रहा स्नान है, वो तनी मुंछे बनी जिसकी अमर पहचान है, जो इस देश का अभिमान है.......पंक्तियों के माध्यम से शहीद की विधवा के उदगार की ऊर्जावान अभिव्यक्ति दी। हल्दीघाटी और कल्ला राठौड पर अपनी प्रतिनिधि प्रस्तुति दी। हास्य कवि पार्थ नवीन प्रतापगढ ने ओ हसीना अपने दुपट्टे को तू संभाल जरा, लोग यहां प्रेम का सामान ढूंढ लेते है.... मुक्तक सुनाकर लोगों को लोटपोट कर दिया। मंदसौर से आए लाफ्टर चैम्पियन मुन्ना बैटरी ने अपनी टिप्पणियों और हास्य चुटकियों से खूबधूम मचाई। कवि छत्रपाल शिवाजी ने कभी यहां पर कभी वहां पर जीवन बहती धारा है। इश्क किया है सिर्फ कलम से हम आशिक बंजारा है..... सहित अपने कई मुक्तक एवं हिन्दी व वागडी कविताओं के माध्यम से खूब तालियां बटोरी। कवि सुरेश सरगम ने अपनी प्रतिनिधि कविता वेलेंटाइन डे को भूल जाइए, शान से करवा चौथ मनाइयें... सुनाकर उपस्थित जनसमूह को खूब हंसाया।

## सार-समाचार

### कारतूस सहित आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।**शहर के अमबामाता थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान अवैध मादक पदार्थ एमडीएम, देशी पिस्टल मय कारतूस सहित एक बदमाश को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक कैलाश चन्द्र बोरीवाल के सुपरविजन में अम्बामाता थानाधिकारी डॉ. हनवंतसिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में हेडकांस्टेबल नरेश कुार, नंदकिशोर मय टीम एवं डीएसटी टीम प्रभारी एसआई धनपतसिंह के नेतृत्व में हेडकांस्टेबल अखिलेश,धमेन्द्रसिंह मय टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए फरहान अख्तर उर्पु चिकना पुत्र अब्दुल फरीद निवासी छबिला भेरू मार्ग मुखर्जी चौक थाना सूरजपोल हॉल अहमद हुसैन कॉलोनी अम्बामाता को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से52 ठााम एमडीएमए तथा देशी पिस्टलय मय एक कारतूस जब्त कर प्रकरण दर्ज किया। पूछताछ में आरोपी फरहान ने मादक पदार्थ एमडीएम सद्दाम हुसैन उर्फ भोला पुत्र रईस भाई निवासी कच्ची बस्ती छोटीसादड़ी रोड़ निम्बाहेडा से मंगवाना स्वीकार किया। सद्दाम ने उक्त मादक पदार्थ फैजान खान निवासी कच्ची बस्ती इमामवाड़ा छोटी सादडी रोड़ निम्बाहेडा व मोहसिन खान उर्फ पिन्टू पुत्र मो.शाहिद खान पठान निवासी ईशाकाबाद मस्जिद के पास बडोली रोड़ निम्बाहेडा के माध्यम से पहुंचाई थी एवं पूर्व में इनसे मादक पदार्थ लाने की बात स्वीकार किया। वहीं देशी पिस्टलय मय कारतूस दशहरा मैदान के पीछे बाबू बस्ती थाना निम्बाहेडा निवासी ईमरान उर्फ कटी से 40 वे मोहर्रम के दिन निम्बाहेडा से 30 हजार रूपये में खरीदना बताया। आरोपी ने फरहान अख्तर के कुछ समय पूर्व मुजफ्फर उर्फ गोगा के भाई ने चाकू मारा था व जान से मारने की धमकी दी थीं उक्त रजिंश के चलते सुरक्षा के लिए पिस्टल व कारतूस खरीद कर लाना बताया।

### हत्या का मामला दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** सुखेर थाना पुलिस ने जीजा साला के खिलाफ मारपीट कर व्यक्ति की हत्या करने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित हरिसिंह पुत्र तेजपालसिंह डुलावत निवासी खेतपाल जी का गुडा राजसमन्द हॉल सुखेर घाटी होटल मिथिला के पास ने अम्बेरी निवासी महेन्द्रसिंह डुलावत व उसके साले सत्यपालसिंह के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि शनिवार सेवेरे मेरी पत्नी हेंडपंप पर पानी लेने के लिए गई थी। इस दौरान किसी बात को लेकर साबला डूंगरपुर हाल अंबेरी तेजपाल मीणा से कहासुनी होने पर उसने घर लौट कर परिजनों को शिकायत की। इस पर पडोसी महेन्द्रसिंह व उसके साले ने तेजपाल के साथ मारपीट कर दी। जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक को मोर्चरी में रखवाया हैं। परिजनों के नहीं आने पर पोस्टमार्टम नहीं हो पाया। प्रकरण की जांच पुलिस उपाधीक्षक कैलाशचन्द्र बोरीवाल कर रहे है।

### धोखे से नकदी हड़पी

**उदयपुर, (कासं)।** दुकान बेचने का एग्रीमेंट कर पीडित से रूपये लेने के बाद गिरवी रखने वाले दंपत्ति सहित अन्य के खिलाफ सूरजपोल थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित सिमरनजीत सिंह कालरा पुत्र स्वर्णसिंह निवासी सिख कॉलोनी गुरूद्वारा के पास सूरजपोल ने आरोपी किशनचंद रंगवानी, राधा देवी तथा जगदीश रंगवानी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि कमलावाडी स्थित आरोपियों की दुकान खरीदने का सौदा तय होने पर 32 लाख रूपये का भुगतान कर बदले में आरोपियों से एठाीमेंट किया। कुछ समय बाद रजिस्ट्री करवाने पर उसने टालमटोल करना शुरू कर दिया। इस पर जांच पडताल की तो आरोपियों द्वारा एग्रीमेंट करने के बाद दुकान गिरवी रख कर ऋण लेने की जानकारी सामनेआई। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। जिसकी जांच एएसआई तेजसिंह कर रहे हैं।

### चिकित्सक के खिलाफ प्रकरण दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के भुपालपुरा थाना पुलिस ने चिकित्सक के खिलाफ महिला के साथ छेडछाड़ करने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित ने सरदारपुरा स्थित कल्पना नर्सिंग होम के चिकित्सक डॉ. सुनिल चुघ के खिलाफ छेडछाड़ करने का प्रकरण भुपालपुरा पुलिस थाने में दर्ज करवाया। जिसमें पीडिता ने बताया कि तबीयत खराब होने पर 16 नवंबर को मैं सोनोठााफी करवाने के लिए सरदारपुरा स्थित कल्पना नर्सिंग होम पर आई थी। जहां सोनोठााफी करने के दौरान चिकित्सक ने मेरे साथ छेडछाड़ की। इसका एतराज कर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया। जिसकी जांच एसआई देवीलाल कर रहे हैं।

### धोखे से जेवरात चोरी

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के घंटाघर थाना क्षेत्र में जेवरात खरीदने आए दो बदमाश चकमा देकर सर्राफा व्यापारी दुकान से जेवरात चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित यशवन्त सोनी पुत्र बंशीलाल सोनी निवासी कसारों की ओर हॉल न्यू धनश्री ज्वेलर्स बडा बाजार ने बाइक सवार दो बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि 15 नवंबर दोपहर में बाइक सवार दो बदमाश दुकान पर खरीददारी करने के लिए आए। इस दौरान जेवरात देखते समय बदमाश 6 सोने की अंगुठियां, 2 जोड़ी कान के टॉप्स चुरा ले गए। इसका पता चलने पर पडताल की लेकिन बदमाशों का पता नहीं चल पाया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

### मजार तोड़ने के मामले में दो हिरासत में

**उदयपुर, (कासं)।** मकान में बनी मजार तोडने के मामले में डबोक थाना पुलिस ने दो संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। इसका पता चलने पर ग्रामीणों की भीड़ ने थाने के बाहर धरना देकर उन्हें छोड़ने की मांग की। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित गिरराज पुत्र अकबर मिरासी निवासी सुखावाड़ा रेबारियों की ढाणी के मकान में बनी मजार शनिवार रात में अज्ञात बदमाशों ने तोड़ दी थी। इसको लेकर पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। इस मामले में पुलिस ने दो संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। जिन्हें छोड़ने की मांग को लेकर कर्नल गुमानसिंह राव, वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी, कुलदीपसिंह साकरिया खेड़ी के नेतृत्व में सैकडों ग्रामीणों की टीम थाने के बाहर धरना देकर पकड़े गए संदिग्धों का घटना से लेना देना नहीं होने की बात करते हुए छोड़ने की मांग पर अडे है। प्रारंभिक अनुसंधान में सामने आया कि कि दो वर्ष पूर्व मजार बनाने के बाद से रात में धार्मिक आयोजन होने का ठाामीणों ने एतराज कर धमकाया था। इसको लेकर पीडित व ग्रामीणों के बीच बातचीत होने पर15 नवंबर को मजार हटाने पर सहमती हुई थी। नहीं हटाने पर गत रात में अज्ञात बदमाश मजार तोड़ कर फरार हो गए।

### वस्त्र वितरण कार्यक्रम

**बांसवाड़ा, (निसं)।** परिवार की सेवा तो हर कोई करता है लेकिन जो लोग इससे भी बढकर जरुरतमंदों की सेवा करते हैं तो उसके पूर्वज प्रसन्न होते हैं। उक्त उद्गार बडा रामद्वारा के संत रामप्रकाश महाराज ने आश्रय सेवा संस्थान में नटवरानंदी वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से आयोजित वस्त्र वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पद से व्यक्त किये। महाराज ने कहा कि हमें अपनी संस्कृति की जडों को मजबूत करना होगा क्योंकि वही हमें प्रकृति प्रेम का संदेश देती है जिससे हमारे भाव जागृत होते हैं। विशिष्ट अतिथि डॉ. रक्षा सराफ ने कहा कि मानवीय संवेदनाओं को समझना जितना सरल है उतना ही सरल सेवा कार्यो से ईश्वर को पाना है। उन्होंने कहा कि हमें अपने ज्ञान और सामर्थ्य के अनुसार सेवा कार्य कर आत्मीय अनुभूतियों को सहेजना चाहिए। इस अवसर पर फाउंडेशन के संरक्षक राजेन्द्रप्रसाद द्विवेदी एवं अध्यक्ष महेन्द्र त्रिवेदी ने बताया कि 24 हजार से अधिक पौधे फाउंडेशन की ओर से रोपे गये हैं और इनमें से अधिकांश पौधे जीवित है क्योंकि फाउंडेशन पौधरोपण के साथ संरक्षण का दायित्व भी निभाता है। इसके अतिरिक्त फाउंडेशन विभिन्न संस्थाओं के सेवाकार्यों का सहभागी भी बनता है। फाउंडेशन के सौरभ रावल ने बताया कि फाउंडेशन न केवल सेवा कार्य करता है वरन् सेवाभावी लोगों की एक श्रृंखला भी तैयार कर रहा है जो जरुरतमंदों की सेवा करती है।

### आरपीएससी परीक्षा सम्पन्न

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) की लेक्चरर संस्कृत शिक्षा भर्ती परीक्षा रविवार को जिले में 34 केन्द्रों पर हुई। परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्रों पर प्रवेश दिया गया। केन्द्रों पर काफी सख्ती से अभ्यर्थियों की जांच हुई। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर पुलिस जवान और जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त स्टाफ तैनात था। चेनए अंगूठी,ब्रेसलेट,घडी सहित अन्य प्रतिबंधित चीजें पहनकर आए अभ्यर्थियों से इन चीजों को परीक्षा केन्द्र के बाहर ही खुलवा लिया गया। प्रवेश का समय बीतने बाद पहुंचे कई अभ्यर्थियों को प्रवेश नहीं दिया गया।

## सार-समाचार

### विचार गोष्ठी का आयोजन



**डूंगरपुर, (निसं)।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला डूंगरपुर द्वारा महिला विचार गोष्ठी का आयोजन मुख्य वक्ता पल्लवी बेन पटेल, राष्ट्रीय संयुक्त सचिव एबीआरएसएमए अध्यक्ष छाया चौबीसा सहायक निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क, प्रदेश प्रतिनिधि बिना दायमा,प्रदेश पर्यवेक्षक डॉ ऋषिन चौबीसा, दक्षा कलाल व कांता परमार के आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम का संचालन मेघा शर्मा ने किया। कार्यक्रम का प्रारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पणए सरस्वती वन्दना व वंदेमातरम से हुआ। कार्यक्रम में प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता पल्लवी बेन पटेल न`बताया कि मराठा साम्राज्य और होलकर राजवंश की रानी अहिल्याबाई होलकर का राष्ट्र के प्रति योगदान इतिहास में स्वर्णिम पृष्ठों पर अंकित है उनकी 300वीं जन्म शताब्दी पर उन्हें याद करते हुए उनके जीवन के प्रत्येक पहलू पर प्रकाश डालते हुए उन्हें कुशल सैन्य एवं वित्तीय प्रबंधकए दूरदर्शी, न्याय प्रिय, कर्म योगिनी, लोककल्याणकारी, सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण करने वाली, राष्ट्र धर्म को सर्वोपरि रखकर राज्य करने वाली राष्ट्रभक्त एवं बहुमुखी प्रतिभा का धनी बताया। द्वितीय सत्र में मुख्य वक्ता छाया चौबीसा नेमहिलाओं की समाज में मुख्य भूमिका विषय पर पाथेय प्रदान किया। उन्होंने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति के ज्ञान, दृष्टिकोण,समरसता, आध्यात्मिकउन्नति, धरोहर संरक्षण, राष्ट्रप्रेम, स्वतंत्रताआंदोलन से लेकर वर्तमान तक प्रत्येक कालखंड में महिलाओं का अभूतपूर्व, चिरस्मरणीय योगदान रहा है। उन्होंने वर्तमान समय में महिला सुरक्षा, दहेज प्रथा, बच्चों में मोबाइलों के असुरक्षित उपयोग आदि अनेक ज्वलंत विषयों पर अपने विचार रखते हुए उसमें महिलाओं की भूमिका को बडी स्पष्टता से रखा। जिला महिला मंत्री दक्षा कलाल व संगठन मंत्री कांता परमार ने उपस्थित शिक्षिकाओं द्वारा किए गए प्रश्नों का तात्कालिक समाधान भी किया। कार्यक्रम मे संम्पूर्ण कार्यकारिणी,सभी उपशाखाओं की कार्यकारिणी सहित सैकडों अध्यापिकाएं सम्मिलितहुई।कांता परमार ने आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर कविता पाटीदार, मनीषा पंड्या, सुशीला डामोर, रंजिताभोई, जीनल व्यास, गिरिराज कुंवर, निर्मला पारंगी, दर्शना पाटीदार, करुणा जैन, रमिला रोत, आदि महिला मंत्री सहित सैकडों महिला शिक्षिकाए उपस्थित रही।

### कार्यशाला संपन्न

**कपासन, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल कपासन की संगठन पर्व को लेकर कार्यशाला शनिवार रात्रि को संपन्न हुई मंडल महामंत्री अशोक विजयवर्गीय ने बताया कि नगर स्थित विधायक कार्यालय पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए विधायक अर्जुन लाल जीनगर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान चल रहा है, सदस्यता अभियान को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण बुथ इकाइयों का गठन करना है कार्यशाला को प्रदेश अध्यक्ष कार्यक्रम प्रभारी श्रवण सिंह राव ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के संगठन की रचना रीति नीति को ध्यान में रखते हुए करनी है जिला महामंत्री श्यामलाल पहाड़िया ने भी विचार व्यक्त किए ,आभार मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया ने व्यक्त किया संचालन मंडल महामंत्री गजेंद्र बागमार ने किया ,नगर पालिका अध्यक्ष मंजू देवी सोनी ,जिला उपाध्यक्ष पुष्पा वैष्णव आदि मंचासिन थे कार्यशाला में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला संयोजक भागीरथ चंदेल, महामंत्री सोहन खटीक,, पूर्व जिला परिषद सदस्य लक्ष्मी लाल जीनगर, ठाम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष नंदकिशोर टेलर, नगर पालिका उपाध्यक्ष एजाज अली, अकील शाह ,पार्षद मुकेश पलोड, दिनेश सोनी ,चेतन बारेगामा ,प्रकाश तेली, किसान मोर्चा अध्यक्ष शंभू लाल बागड़ा ,युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास बारेगामा ,महिला मोर्चा अध्यक्ष रानी सिरोया ,मंत्री मंसूर अहमद, मनीष बारेगामा ,गौरव दाधीच, प्रतीक वैष्णव, बूथ अध्यक्ष मुकेश सिरोया, हरिशंकर चोटिया ,आशीष नंदवाना, आशीष सोनी ,रामलाल माली ,महावीर जीनगर, रामनिवास विजय वर्गी, रतन शर्मा, राजेश जाजू, शिवलाल सेन ,राकेश आचार्य ,भगवती लाल आचार्य, कार्यालय प्रमुख केसर सिंह आदि कार्यकर्ताओं ने कार्यशाला में भाग लिया

### प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन

**देवगढ़, (निसं)।** उदयपुर की प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान एसेंट द्वारा रेस प्रतियोगी परीक्षा देवगढ़ में सफलतापूर्वक करवायी गयी। इस परीक्षा का आयोजन रविवार को सुबोध ज्ञान मंदिर स्कूल में कराया गया।जिसमें कुल 250 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया ।एसेंट संस्थान प्रमुख रोशन पालीवाल ने बताया कि एसेंट की स्टूडेंट ऑफ़ द ईयर परीक्षा को प्रतिवर्ष कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया जाता है । इस परीक्षा के माध्यम से हर विद्यार्थी अगले वर्ष एसेंट में 100 छात्रवृति के साथ पढ़ सकता है और हर कक्षा के टॉप 100 विद्यार्थियों को जिला स्तर पर नकद पुरस्कार, स्मृति चिन्ह ओर सर्टिफिकेट भी दिया जाता हैं ।उन्होंने बताया की देवगढ़ के विद्यार्थियों ने हमेशा ही सॉफ्टी परीक्षा में अव्वल परिणाम अर्जित किया हैं और राजस्थान के सभी जिलों में अग्रणी रहा है। इस परीक्षा को सफल बनाने मैं सभी स्कूल व शिक्षको का सहयोग रहा हैं। एसेंट परिवार सभी विद्यालयों ओर शिक्षको का धन्यवाद करता हैं।

# 'सामूहिक विवाह के आयोजन से बढ़ता है समरसता व सौहार्द का वातावरण'

**राजसमंद, (निसं)।** प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन वर्तमान समय की महत्ती आवश्यकता है। सामूहिक विवाह के माध्यम से समाज में समरसता व सौहार्द का वातावरण का

- **खटीक समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में 33 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे**
- **शिक्षा मंत्री ने सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 20 लाख रुपए देने की घोषणा की**



खटीक समाज की ओर से आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में शामिल शालिग्रामजी एवं तुलसा जी की श्रृंगारित प्रतिमाएं।

निर्माण होता है। यह विचार शिक्षा मंत्री दिलावर ने कुंवारिया कस्बे के मेला ग्राउंड परिसर में रविवार को खटीक समाज की ओर से आयोजित तीसरे सामूहिक विवाह सम्मेलन व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि खटीक समाज व्यापारी समाज है तथा हर समय रचनात्मक व समाज के विकास के लिए प्रयासरत रहता है। वर्तमान के दौर में सामूहिक विवाह का आयोजन समाज के लोगों को एक मंच प्रदान करता है जिसके माध्यम से वैवाहिक कार्यक्रम हर्षोल्लाह, रीति रिवाज के अनुसार संपन्न होते हैं। वहीं समाज में एकजुटता तथा समरसता का भाव बढता है। सामूहिक विवाह के माध्यम से वैवाहिक कार्यक्रमों में अनावश्यक खर्च होने वाले लाखों रुपए की बचत होती है। सामूहिक विवाह का आयोजन वर्तमान समय की मांग है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार ने हर वर्ग के विकास के लिए प्रयास किया है वर्तमान में घुमन्तु परिवारों को 21 हजार पट्टे दिए हैं तथा आने वाले दिनों में भी इतने पट्टे और भी दिए जाएंगे। उन्होंने कुंवारिया में आयोजित खटीक समाज के सामूहिक विवाह के सुव्यवस्थित आयोजन को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। शिक्षा मंत्री दिलावर ने खटीक समाज के कुंवारिया में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 2० लाख रुपए देने की घोषणा की गई। कार्यक्रम में खटीक समाज के द्वारा शिक्षा मंत्री दिलावर को चांदी की गाय भेंट की गई तथा समाज के अध्यक्ष रमेश चन्देल की ओर से तलवार भेंट की गई। इस दौरान जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा, प्रधान राजसमंद अरविंद सिंह राठौड, भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह बारहठ, कुंवारिया सरपंच ललित श्रीमाली, संरक्षक जमनालाल चंदेल, जिला सह सचिव भंवरलाल बोलीवाल, सलाहकार जितेंद्र कुमार खटीक, ईश्वर पहाडिया, जिला महासचिव छगनलाल खींची, जिला सह सचिव ओम प्रकाश चावला सहित समाज के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।कुंवारिया के मेला परिसर में आयोजित खटीक समाज के सामूहिक विवाह समारोह में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ वर-वधू पक्ष की ओर से यज्ञ में आहुतियां दी गई तथा 33 जोडे पवित्र अग्नि को साक्षी मान कर परिणय सूत्र में बंधे।मेला परिसर में खटीक समाज के सामूहिक विवाह के आयोजन में कुंवारिया के चारभुजा के बडे मंदिर व गढ वाले चारभुजा के मंदिर से पधारे हुए भगवान शालिग्राम का तुलसी के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ में विवाह हुआ। विवाह के दौरान भगवान चारभुजा के जयकारो से पूरा पाण्डाल गुंजायमान रहा।

खटीक समाज के सामूहिक विवाह के आयोजन के तहत रविवार की सुबह नृसिंह द्वारा अखाडा परिसर पर समाज के प्रबुद्यजनों व आयोजन समिति के द्वारा बारातों का स्वागत किया गया। उसके बाद वर-वधू की बिंदोली व ठाकुरजी का वरघोडा की शोभायात्रा निकाली गई। दुल्हे सजे धजे हुए अश्व पर सवार थे वही दुल्हनें बग्गी पर सवार थी। डीजे व बैण्डबाजो पर ठाकुरजी के भजनो के साथ में शोभायात्रा प्रारम्भ हुई। शोभायात्रा कस्बे के नृसिंह द्वारा अखाडा से प्रारम्भ हो कर दरवजा, सदर बाजार, बस स्टैण्ड, नीलकंठ चौराहा, छापरवाले हनुमान मंदिर चौराहा, रेलवे स्टेशन होते हुए कुंवारिया पुलिस थाने के सामने मेला ग्राउंड परिसर पर पहुंची। शोभायात्रा का काफिला करीबन एक किमी लंबा था। शोभायात्रा मेला परिसर में पहुंची। जहां पर मेले के प्रवेश द्वार के समीप तोरण रस्म को पूरा किया गया। उसके बाद वरमाला तथा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विवाह स्थल पर तुलसीजी संग ठाकुरजी के फेरे व सामूहिक विवाह सम्मेलन में 33 जोडे परिणय सूत्र में बंधे। खटीक समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन के दौरान खटीक समाज के 8० मेघावी विद्यार्थियों व प्रतिभाओं तथा 11० भामाशाहों तथा समाज के प्रत्येक गांव से पहुंचे 16० प्रतिनिधियों, पंचों का मंच पर विशेष सम्मान किया गया। संचालन डालचन्द्र कुमावत, रमेश चंदेल सहित खटीक समाज के प्रतिनिधियों ने किया।

## सार-समाचार

### भक्ति भजन संध्या का आयोजन

**राजसमंद, (निसं)।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती नाकली गांव में हरिवंश कीर समाज की ओर से आयोजित एकादशी उद्यापन एवं तुलसी विवाह कार्यक्रम के दौरान आयोजित भक्ति भजन संध्या में प्रसिद्ध गायक कलाकार पिंटू सेन ने मेरी झोपडी में भाग आज खुल जाएंगे राम आएंगे.. की प्रस्तुति देकर महिलाओं को भक्ति भाव में झूमने पर मजबूर कर दिया। सुखलाल सैया ने गणपति वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की। कलाकारों ने राजस्थानी भक्ति भजनों की प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को धर्ममय बना दिया। इसी प्रकार सांवरा एक दिन तो आज जो मारे पावणा.. की प्रस्तुति देकर मौजूद श्रोताओं को पांडाल में ही थिरकने के लिए मजबूर कर दिया। इसी प्रकार हनुमान बालाजी की शानदार प्रस्तुति से पांडाल में उपस्थित समाजजन भाव विभोर हो गए। वहीं देर रात तक भगवान के भक्ति भजनों से की प्रस्तुतियों के साथ ही रात भर श्रद्धालु कार्यक्रम में जम रहे। इस अवसर पर हरिवंश कीर समाज के प्रदेशाध्यक्ष किशनलाल कीर, चित्तौडगढ जिलाध्यक्ष धर्मराज कीर का कलाकारों के साथ सम्मान किया गया। इस दौरान समाज के अध्यक्ष लहरीलाल कीर, गणेशलाल कीर, मोहनलाल कीर, छीतरमल कीर, गणपत लाल कीर, शांतिलाल कीर, माधवलाल कीर, प्रभुलाल कीर, मगनलाल कीर, पूर्व सरपंच मनोहर लाल कीर, महेंद्र कीर, जगदीश चंद्र कीर, एमडी सरपंच मांगीलाल सालवी सहित ग्रामीण मौजूद थे।

### साक्षी कीर का प्रतियोगिता में चयन

**राजसमंद, (निसं)** कीर समाज की होनहार खिलाडी साक्षी कीर का 68वीं स्कूली राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में चयन हुआ है। गौरतलब है कि राउमावि थूर उदयपुर में तैराकी के एनआईएस कोच राजेश तैलंग के सानिध्य में राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता पूर्व परीक्षण एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। खेल गांव में प्रशिक्षण उपरांत साक्षी कीर का राजकोट गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय जूनियर 17 वर्ष छात्रा तैराकी प्रतियोगिता 2०24-25 में चयन किया गया। कोच रामेश्वरलाल कीर ने बताया कि वे 23 से 27 नवंबर तक स्कूली गेम्स फेडरेशन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय जूनियर 17 वर्ष छात्रा वर्ग तैराकी प्रतियोगिता राजकोट गुजरात में भाग लेंगी। इस दौरान चित्तौडगढ से कीर समाज के प्रदेशाध्यक्ष किशनलाल कीर, युवा महासभा चित्तौडगढ के अध्यक्ष धर्मराज कीर, कीर की चौकी उदयपुर के बाबूलाल कीर (बांसलिया) एवं उनकी धर्मपत्नी दोनों का बालिका के प्रशिक्षण शिविर में सहयोग रहा। इस उपलब्धि पर सुरेश कीर मोही, नारायण लाल कीर (कीर खेडा) चित्तौडगढ, जगदीश चंद्र कीर काकरवां, हरीश कीर कुंडिया, शोभालाल कीर फुलिया कला, बाबूलाल कीर खटवाडा भीलवाडा, राजसमंद कीर युवा महासभा के अध्यक्ष प्रेमलाल कीर, शारीरिक शिक्षक दीपक कीर सहित खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त किया।

### मातृशक्ति का सम्पर्क अभियान जारी

**बांसवाड़ा, (निसं)।** लालीवाव मठ की ओर से आगामी 2० नवम्बर से आठ दिवसीय विराट धार्मिक महोत्सव को लेकर मातृशक्ति में उत्साह है। मातृशक्ति वाहिनी की प्रमुख मिथिलेश कौशिक के नेतृत्व में सनातनधर्मी महिलाओं के विभिन्न समूह शहर और गांवों में विभिन्न बस्तियों तथा शहर में घर-घर सम्पर्क कर महोत्सव के बारे में व्यापक चेतना जगाते हुए अधिकाधिक सहभागिता के लिए प्रेरित करने में जुटे हुए हैं।

# केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने किया योगी के बंटेंगे तो कटेंगे नारे का समर्थन

**उदयपुर, (कासं)।** केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के 'बंटेंगे तो कटेंगे' नारे का समर्थन किया है। उन्होंने कहा यह नारा नहीं, एक विचार है। भारत का 1500 साल पुराना नक्शा उठाकर देख लीजिए। जहां-जहां बंटे हैं, वहां हम कटते गए। इसलिए हम नहीं बंटें संगठित रहें।

- **शेखावत ने कहा यह नारा नहीं,एक विचार है**

केंद्रीय मंत्री शेखावत ने रविवार को उदयपुर के सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत में यह बात कही। वे मेवाड के पूर्व राजपरिवार के सदस्य महेंद्र सिंह मेवाड को श्रद्धांजलि देने सामोर बाग पहुंचे थे।शेखावत ने कहा कि भारत की गंगा-जमुनी संस्कृति में अगर हम बंटे तो निश्चित रूप से बंटेंगे भी और कटेंगे भी। इसमें कहीं कोई हिंदू-मुस्लिम विषय नहीं है। भारत के इतिहास के दृष्टिकोण से देखें तो जिस क्षेत्र में भारत में हिंदू जनसंख्या कम हुई है, वो हिस्सा भारत से कटा है। चाहे अफगानिस्तान हो या पाकिस्तान हो। बाद में षड्यंत्र करके कश्मीर में भी अलगाव की राजनीति करने की कोशिश की गई थी।

शेखावत ने कहा कि 3 हजार साल पहले जब जातक कथाओं को पत्थर पर कुरेदा गया था, तब भी लिखा गया था यूनाइटेड विद स्टैंड स्ट्रॉन्ग हम एक हैं, संगठित हैं तो शक्ति है। इस स्टेटमेंट को देखने का अपना अपना अलग नजरिया है। जैन शास्त्रों में कहा गया है। चार नेत्रहीन एक हाथी को छुएंगे तो अलग अलग विचार सामने आएंगे। पैर को छूने वाला पिलर बताएगा,पूंछ को छूने वाला रस्सी बताएगा। जो जैसा देखेगाए वो उसे वैसा ही समझेगा। ऐसे लोग जो बांट की राजनीति करते हैं, वो उसे विभाजन के नजरिए से देखते हैं। इसमें कहीं हिंदू.मुस्लिम जैसी बात नहीं है। टोंक के देवली उनियारा के समरावता गांव में निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा के एसडीएम को थप्पड मारने की घटना को शेखावत ने निंदनीय बताया। उन्होंने कहा ऐसी घटनाएं किसी भी तरह से स्वीकार्य नहीं हैं। सबको मिलकर इसकी निंदा करनी चाहिए। ऐसी घटनाओं पर कानून के अनुसार कठोरतम कार्रवाई होनी चाहिए। कार्यपालिका और लोकतांत्रिक व्यवस्था से चुने गए प्रतिनिधि हम सब एक ही गाडी के पहिए के रूप में मिलकर काम करेंगे तो ही बेहतर काम हो सकता है। हमारे वैचारिक या कार्य प्रकृति को लेकर मतभेद हो सकते हैं, लेकिन इस तरह की कार्रवाई लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी भी तरह से स्वीकार्य नहीं है।

केंद्रीय मंत्री ने राजस्थान की 7 सीटों पर हुए उपचुनाव के आने वाले परिणाम को लेकर कहा. जनता ने भजनलाल सरकार को जीत का सर्टिफिकेट दे दिया है। हम एक से अनेक होने वाले हैं। 7 सीट में से भाजपा की एक ही सलूंबर सीट थी। बाकी 4 कांग्रेस, एक बीएपी और एक राष्ट ीय लोकतांत्रिक पार्टी की थी। अब उपचुनाव में हम एक से अनेक सीट पर विजयी होंगे। गजेंद्र सिंह समोर बाग भी गए जहां पर मेवाड राजघराने के पूर्व सदस्य स्व महेंद्र सिंह मेवाड को श्रद्धांजलि अर्पित की एवं उनके पुत्र विधायक विश्वराज सिंह मेवाड एवं उनके परिजनों को संबल प्रदान किया। इससे पूर्व केन्द्रीय पर्यटन शेखावत के एक दिवसीय प्रवास पर उदयपुर पहुंने पर भाजपा के सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर, जिला प्रमुख भीलवाडा,भुपेंद्र सिंह बडोली भाजपा उदयपुर देहात पूर्व जिला अध्यक्ष,भँवर सिंह पंवार, भाजपा उदयपुर शहर महामंत्री गजपाल सिंह राठौड, पूर्व, जिला अध्यक्ष भाजपा चितौडगढ रतन गाडरी, अतुल चण्डालिया, नरपत सिंह राव, खुशबु मालवीया,तुषार मेहता, घनश्याम मेनार्रिया, कुलदीप सिंह साकरिया आदि ने केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया।

## पाटीदार समाज का सम्मेलन 19 को

**डूंगरपुर, (निसं)।** पाटीदार समाज के हथाई चौखला के गांव धावडी में पाटीदार समाज का सम्मेलन 19 नवंबर को होगा। धावडी में हनुमानजी मंदिर के जीर्णोद्धार के उपलक्ष्य में प्रसादी एवं सायकालीन भजन संध्या का आयोजन भी रखा गया हैं। पटेल पाटीदार डांगी समाज का सम्मेलन में समाज के आठ चौखला के 74 गांव के पांच भाग लेंगे। हथाईचौखलाकेपंचों द्वारा सभीचौंखलों में भव्य स्तर पर आमंत्रण निमंत्रण दिया गया है। कार्यक्रम में समाज के पंचए समाज से जुडे हुए जनप्रतिनिधि एवं समाज के विविध संगठन कार्यकर्ता भाग लेंगे। सम्मेलन में समाज के उत्थान को लेकर भी महत्वपूर्ण चर्चा की जाएगी। गांव में कार्यक्रम को लेकर भव्य स्तर पर तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। धावडी के पंचो ने कहा की समाज के सभी पंचो का अभुतपूर्ण स्वागत किया जाएगा। सम्मेलन के माध्यम से क्षेत्र में समाज को जोडने का प्रयास होगा। गांव के राजपूत समाज के समाजजन भी कार्यक्रम में बढ चढकर एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। रविवार को युवा मंडल के कार्यकर्ताओं ने श्री राष्ट्रीय सरदार पटेल सेना के प्रदेश संयोजक महेंद्र डांगी धताणा व प्रदेश अध्यक्ष कवि सुनील पटेल नेजपुर को श्री राष्ट्रीय सरदार पटेल सेना के नाम आमंत्रण दिया। कार्यक्रम में भारी संख्यामेंसमाजकेयुवाभागलेंगे।

# चौरासी में लगभग आठ प्रतिशत कम हुए मतदान ने नींद उड़ाई

**डूंगरपुर, (निसें)।** जिले के चौरासी विधानसभा क्षेत्र में राजकुमार रोत के सांसद बनने के बाद रिक्त हुए पद पर गत 13 नवम्बर को उपचुनाव संपन्न हुए, जिसमें इस बार भाजपा कांग्रेस के साथ-साथ बाप पार्टी ने नए युवा चेहरों को चुनावी मैदान में उतारकर चुनाव को रोमांच से भर दिया। हालांकि भाजपा के करीलाल वर्तमान में सीमलवाड़ा के प्रधान हैं तथा लम्बे समय से इस क्षेत्र में राजनीति के साथ-साथ भगत पंथ के होने के कारण काफी क्षेत्र की जनता में जाना-पहचाना नाम है।

- **आमजन में अभी भी यहां अंदेशा है कि क्षेत्रीय दल बाप का जीत का अंतर कम हो सकता है**

दूसरी और बाप के अनिल मीणा राजकुमार रोत के पसंदीदा उम्मीदवार के साथ-साथ सक्रिय कार्यकर्ता भी है और ग्यारह माह पूर्व हुए चुनावों में रोत ने सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए भरी मतों से विजय हासिल की थी। वहीं कांग्रेस की ओर से एकदम नए युवा कार्यकर्ता को चुनाव में उतरा जो कि लम्बे समय से बिना किसी पद के कार्यरत था। भाजपा की ओर से तो सरकार ने पूरा जोर लगा दिया तो वहीं बाप के पास युवा कार्यकर्ताओं की फौज जो कि उनके लिए एक बड़ी जिम्मेदारी संभाले हुए थे तथा मतदाताओं को घर से निकालकर मतदान केन्द्रों पर आने के लिए कार्य कर रहे थे। वहीं गुजरात राज्य में काम के लिए गए मतदाताओं को भी हर प्रकार का प्रलोभन देकर मतदान केंद्र तक लाने का प्रयास किया गया। जबकि कांग्रेस के पास कोई बड़ा चेहरा राज्य स्टार का उपचुनावों के प्रति रूचि दिखने या आर्थिक रूप से मदद करने कोई नहीं आया। युवा उम्मीदवार ने स्थानीय नेता के भरोसे तथा अपने स्तर पर आर्थिक संसाधन जुटा कर चुनावी वैतरणी को पर करने की जुगत उठाई ऐसे में इस बार के चुनावों में सभी दल अपने अपने स्तर पर जीत के दावे तो आधे अधूरे मन से करे रहे हैं। फिर भी आमजन में अभी भी यहां अंदेशा है कि क्षेत्रीय दल बाप का जीत का अंतर कम हो सकता है। यदि बागी उम्मीदवार व नाराज कार्यकर्ताओं ने कोई शांत भाव से खेल न खेला हो तो इस बार के चुनावों में लगभग आठ प्रतिशत मतदान इतनी सुविधाओं व प्रचार के बावजूद कम होना या तो जनता के मतदान के प्रति रुझान को कम कर रहा है या फिर सरकार की स्वीप जैसी योजनाओं को धरातल पर उतरने में कामयाब नहीं हुए हैं। अटकलों के इस बाजार को 23 नवंबर को पता लगेगा।

# 'शिक्षा का स्तर बढ़ने से ही समाज का सर्वांगीण विकास संभव'

**राजसमंद,(निसं)।** प्रतिस्पर्धा को प्रेम में बदलकर मर्यादा और खुद पर विश्वास कर पढाई करें। प्रतिस्पर्धा से द्वेष की भावना बढती है और कई बार युवा शॉर्ट कट को अपनाते हैं। उनको लक्ष्य साधकर आगे बढना चाहिए। यह विचार मुख्य अतिथि एएसपी महेंद्र पारीक ने 24 श्रेणी पालीवाल समाज सेवा समिति मेवाड द्वारा स्व कन्हैयालाल पालीवाल की स्मृति में जावद में आयोजित 21वें प्रतिभावान सम्मान समारोह में व्यक्त किए। आयोजन का शुभारंभ चारभुजानाथ पमाणा, भगवान परशुराम व आद्यशक्ति मां गायत्री के समक्ष

- **शिक्षा के विकास और आपसी एकता पर जोर दिया**



प्रतिभावान सम्मान समारोह में प्रशंसनीय कार्य करने पर प्रतिभा को सम्मानित किया।

दीपप्रज्वलन व माल्यार्पण के साथ हुआ।

स्वागत उद्धबोधन सेवा समिति मंत्री सत्यनारायण पालीवाल सालोर ने दिया। मुख्य अतिथि एएसपी महेंद्र पारीक, विशिष्ट अतिथि गोपाल कृष्ण पालीवाल साकरोदा थे। जबकि अध्यक्षता सेवा समिति अध्यक्ष मांगीलाल पालीवाल ने की। आयोजक दिनेश दीपक पालीवाल जावद ने अतिथियों का पगडी व इकलाई से स्वागत किया। मुख्य अतिथि एएसपी महेंद्र पारिक ने कहा कि शिक्षित युवा वह होता है जो देश का निर्माण करता है। बिना शिक्षित युवाओं के कोई भी देश तरक्की नहीं कर सकता और जो समाज शिक्षित युवाओं का सम्मान करता है वो बहुत आगे जाता है। उन्होंने कहा कि समाज में ऐसे बहुत से शिक्षक हैं जिन्होंने अपना जीवन बच्चों को पढाने में लगा दिया। हमें ऐसे प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान करने का मौका मिला यह हमारे लिए गर्व की बात है। विशिष्ट अतिथि गोपाल कृष्ण पालीवाल ने कहा की समाज में ऐसे प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित होने चाहिए। इससे प्रतिभाओं को आगे बढने का मौका मिलता है। ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को हौसला बढाने से उनमें एक नई ऊर्जा का संचार होता है। सेवा समिति अध्यक्ष मांगीलाल पालीवाल ने अब धीरे -धीरे जागरूकता बढने के साथ समाज के बच्चे भी पढ कर आगे बढ रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा का स्तर बढने से ही समाज का सर्वांगिण विकास संभव होगा। इस दौरान शिक्षाविद् मुकेश मेनारिया, संरक्षक चुनीलाल ओडन, आयोजक दिनेश पालीवाल जावद, संयोजक देवीलाल मंडा, पूर्व सभापति सुरेश पालीवाल, पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मीलाल साकरोदा, रामनारायण केलवा, कोषाध्यक्ष नारायण जनावद, समिति सदस्य भगवतीलाल पालीवाल धर्मेटा, दिनेश मंडा, पार्षद आशीष पालीवाल, दिनेश जोशी, सुनील चारभुजा, लोकेश भोलेनाथ सहित युवा व समाजजन उपस्थित थे। 21वें प्रतिभावान सम्मान समारोह में प्रथम श्रेणी से उतीर्ण 8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, विभिन्न राजकीय सेवा में चयनित युवाओं व खेल सहित सह शैक्षणिक गतिविधियों की 350 प्रतिभाओं को समाज के मंच से इकलाई, स्मृति चिन्ह व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। संगठन मंत्री शशिकांत महाकाली द्वारा वॉलीबॉल प्रतियोगिता के श्रेष्ठ ग्यारह खिलाडियों को श्रीनाथजी छवि, महाप्रसाद, इकलाई व अभिनंदन पत्र भेंट के स्वागत किया गया।

## विचार गोष्ठी

**बांसवाड़ा, (निसं)।** आज से ठीक 11०वर्ष पूर्व इसी धरा पर राष्ट्र और समाज के प्रखर स्वातंर्त्यवीर और पुरोधा गोविन्द गुरु के समर्थ नेतृत्व में जो आजादी और समाज-सुधार का शंखनाद हुआ वह अमर है और आज भी अनाम उत्सर्ग हजारों हुतात्माओं की सच्ची राष्ट्र-प्रेम भावना आज की पीढी और देश-समाज को अपने विकास की मार्ग प्रशस्त करने का कार्य कर रहा है। उक्त उद्गार गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय में मानगढ शहादत की पुण्यतिथि पर आयोजित विचार गोष्ठी और श्रद्धांजलि कार्यक्रम में कुलपति प्रो केशव सिंह ठाकुर ने व्यक्त हुए। जीजीटीयू के अकादमिक विभाग की ओर से आयोजित मानगढ शहादत दिवसआयोजन में शहादत दिवस की पृष्ठभूमि और विगतवार सभी घटनाक्रम का ब्यौरा देते हुए उपकुलसचिव प्रो. डॉ लक्ष्मणलाल परमार ने वागड के जलियावाला मानगढ हत्याकाण्ड आन्दोलन पर रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि गोविन्द गुरू ने 1883ई. में सम्प सभा की स्थापना कर भील जनजाति में सामाजिक, अध्यात्मिक एवं राजनीतिक चेतना जगा करके भील समाज को संगठित करना प्रमुख उद्देश्य रहा तथा जनजाति समाज में फैली कुरीतियों, अंधविश्वास, मद्यपान दूर कर सामाजिक चेतना जागृत की। सामन्त एवं अंग्रेज उन्हें पचा नहीं पाए जिस कारण से वेलेजली राईफल्स एवं जाट रेजीमेन्ट ने कर्नल शर्टन के नेतृत्व में निर्दोष आदिवासियों पर अंग्रेजी फौजों ने गोलिया बरसाई जिस कारण से 17 नवम्बर 1913ई. को 1500 निहत्थे, निर्दोष-आदिवासियों का नरसंहार कर मौत के घाट उतार दिया

# तामीर सोसायटी का सम्मान समारोह आयोजित




तामीर सोसायटी ने उल्लेखनीय कार्य कर रही प्रतिभाओं का सम्मान किया।

**उदयपुर,(कासं)।** तामीर सोसायटी का 36वां सम्मान समारोह रविवार को रानी रोड स्थित रोटरी बजाज भवन में आयोजित हुआ। समारोह में वीर शहीदों की माताओं और वीरागनांओं सहित शिक्षा, चिकित्सा, समाजसेवा व अन्य क्षैत्रों मे उल्लेखनीय कार्य कर रही प्रतिभाओं का सम्मान किया गया।

समारोह मे मुख्य अतिथि राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति प्रो. एस. एस. सारंगदेवोत, प्रो. सैयद साजिद अली, शेख शब्बीर मुस्तफा, अजय एस. मेहता, आसिफ मोहम्मद अंसारी और तामीर सोसायटी के

- **विभिन्न उल्लेखनीय कार्य करने वाली रही प्रतिभाओं का सम्मान किया**

चेयरमैन उदयपुर रत्न डॉ. इकबाल सागर ने शहीद मेजर मुस्तफा की माता फातिमा बोहरा, शहीद लेफ्टिनेंट अभिनव नागौरी की माता सुशीला धर्मचंद नागौरी, शहीद लेफ्टिनेंट अर्चित वर्डिया की माता बीना वर्डिया और शहीद सिपाही रतन मीणा की पत्नी पुष्पा मीणा को सम्मानित किया। इसके साथ ही डॉ. स्वीटी छाबड़ा, डॉ. स्मिता सिंह, डॉ. पामिल मोदी, डॉ. सुरेशचंद्र मेघवाल, अमन हुसैन, डॉ. इकबाल सक्का, मुकेश माधवानी, अब्दुल लतीफ, याकूब अली, अब्बास अली रिजवी, कुलदीप सिंह गहलोत आदि का भी सम्मान किया। मुख्य अतिथि प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि लोग तरक्की की किमत चुका रहे है। इंसानी भाग दौड़ में किस की अच्छाई पर तारिफ तक नही कर पाते ऐसे मे तामीर सोसायटी इस मंच से ना सिर्फ तारीफ कर रहा है बल्कि इनका सम्मान भी कर रहा है।

